प्रतिवेदन

परियोजना का नाम :— अल्मोड़ा में विकासखण्ड स्याल्दे के अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में मासी—गैरखेत से परथोला (लिंक रुट) मोटर मार्ग के वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।

लम्बाईः 6.000 कि0मी

जपनद अल्मोड़ा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत मासी—गैरखेत से परथोला (लिंक रुट) मोटर मार्ग का नव निर्माण हेतु शासनादेश संख्या 5610/पी03 — 14(hab)/यू0आर0आर0डी0ए0/18दिनॉक 31—01—2018 द्वारा 6.000 कि0मी0 लम्बाई हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसके कम में उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कराया जाना है।

यह मार्ग मासी—गैरखेत मोटर मार्ग के कि0मी0 2 से प्रारम्भ होकर परथोला तक जाता है। यह मार्ग 5070 मी0 नाप भूमि, 370 मी0 सिविल भूमि, 560 मी0 वनपंचायत भूमि एंव 0.00 मी0 आरक्षित भूमि से होकर गुजरता है।

इस मार्ग के निर्माण से ग्राम कन्होणी,गोगता एवं परथोला (जनसंख्या 378) प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होगें।

मार्ग निर्माण 7 मी0 की चौड़ाई में किया जायेगा। इस हेतु मार्ग पर पड़ने वाले मोड़ो एंव हेयर पिन बैण्ड पर अधिक चौड़ाई की आवश्यकता पड़ने के कारण मार्ग निर्माण हेतु 9 मी0 की चौड़ाई में वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्तावित किया गया है।

मार्ग निर्माण हेतु समस्त ग्रामवासियों से विचार विमर्श कर एंव मार्ग में पड़ने वाले पेडो की संख्या न्यूनतम रखते हुए संरेखण तैयार किया गया है। जो कि अधीक्षण अभियन्ता महोदय् से स्वीकृत है। इस मार्ग हेतु अन्य कोई वैकल्पिक संरेखण उपयुक्त नहीं है। मार्ग के निर्माण से ग्रामवासियों को आवागमन की सुविधा के साथ—साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एंव रोजगार से सम्बन्धित सुविधाओं को प्राप्त करने में सुगमता प्राप्त होगी। साथ ही सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं का लाभ भी ग्रामवासियों को प्रवाहित तरीके से हो सकेगा।

अतः प्रस्ताव स्वीकृति हेतु प्रेषित।

JE

सहायक अभियंता
नि0 ख0 लो0 नि0 वि0
सल्ट

अधिशासी अभियंता
नि0 ख0 लो0 नि0 वि0
सल्ट

Scanned by CamScanner